श्री बंशीधर नगर शुक्रवार
22.05.2026
अधिक ज्येष्ठ शुक्लपक्ष षष्ठी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 268

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:19 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 24 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने का निर्देश >> पेज 03
कॉपी विवाद में फंसा 'कॉकटेल 2' का गाना 'माशूका' >> पेज 05

## सुविचार

जो लोग कुछ करने की कोशिश करते हैं और असफल हो जाते हैं, वे उन लोगों से कहीं बेहतर हैं जो कुछ नहीं करने की कोशिश करते हैं और सफल हो जाते हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**गुमला।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। हादसा इतना भयावह था कि युवकों की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दो टुकड़ों में बंट गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है। मृतकों की पहचान डूमरी थाना क्षेत्र के उजड़ा गांव निवासी संजीत करकेट्टा (17), अक्षय करकेट्टा (19) और आर्यन टोप्पो (18) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक बुधवार शाम करीब चार बजे एक ही बाइक से घर से निकले थे। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजन चिंतित थे। इसी बीच रात करीब आठ बजे थाना डांड गांव के पास से गुजर रहे एक राहगीर ने सड़क किनारे तीन युवकों को गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा देखा। राहगीर ने तत्काल इसकी सूचना चैनपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे।

**प्रचंड गर्मी** — झारखंड के 11 जिलों में तापमान पहुंचा 40 डिग्री के पार

# गढ़वा का पारा 44 डिग्री पहुंचा

**रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य भर में इन दिनों मौसम आग उगल रहा है। स्थिति यह है कि राज्य के 11 जिलों में अधिकतम तापमान बढ़कर 40 डिग्री या उससे अधिक पहुंच गया है। राज्य के जिन जिलों में तापमान 40 डिग्री है उससे अधिक रिकॉर्ड किया गया है उनमें गढ़वा 44 डिग्री,चतरा में 44 डिग्री, डाल्टनगंज 43.4 डिग्री, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में 42, सरायकेला में 42 डिग्री, गुमला, रामगढ़ और बोकारो में 40 डिग्री, गिरिडीह में 40 डिग्री और सिमडेगा में 40 डिग्री शामिल है।



### 23 और 24 को ऑरेंज अलर्ट

इधर, मौसम विभाग ने 23 और 24 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद जिले के पंचेत में 10.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा राज्य के जिन अन्य इलाकों में बारिश से रिकॉर्ड की गई इसमें मैथन,सिकटिया,महेशपुर और गोविंदपुर शामिल हैं। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा लेकिन दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहे। इससे लोगों को प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिली। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री और न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 41.8 डिग्री और न्यूनतम 28.5 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 43.4 और न्यूनतम 27.8 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 41.2 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**पलामू प्रमंडल में आसमान से बरस रही आग**

## पलामू जिले में गुरुवार को तापमान पहुंचा 45.2 डिग्री

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गुरुवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। डालटेनगंज में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं मौसम विभाग ने पूरे राज्य भर में अगले कुछ दिनों तक मौसम के मिजाज में दलाव होने की बात कही है। विभाग ने 21 से 25 मई के बीच राज्य के कई जिलों में आंधी, तेज हवा और बारिश की संभावना जताई है। इधर, पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार जैसे जिलों में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। जिले में तापमान में लगातार वृद्धि होने से दिनभर तेज धूप लू थपेड़ों और गर्म हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है प्रचंड गर्मी के कारण दोपहर के समय बाजार और मुख्य सड़कें सूनी नजर आईं। वहीं सुबह से शाम तक अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से दिनभर में कई बार बिजली गुल होने से लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 04 बजे तक धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है।



## कारोबारी लव भाटिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रांची।** राजधानी रांची के बड़े कारोबारी लव भाटिया उर्फ अभिमन्यु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। लव भाटिया गुरुवार की शाम को लालपुर थाना क्षेत्र में बेसुध अवस्था में अपने कावेरीरेस्त्रां में पाए गए। इसके बाद उन्हें जल्दबाजी में लालपुर इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने लव भाटिया को मृत घोषित कर दिया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद लालपुर पुलिस जांच के लिए अस्पताल पहुंची। बताया जा रहा है कि जहर की वजह से लव भाटिया की मौत हुई है। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। क्योंकि लव भाटिया की मौत संदेहास्पद स्थिति में हुई है, इसलिए पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लव भाटिया की मौत की असली वजह सामने आ पाएगी। रांची सिटी डीएसपी केवी रमण ने बताया कि लव भाटिया के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया है। इस मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि भाटिया परिवार झारखंड का जाना माना कारोबारी परिवार है। भाटिया परिवार का राजधानी रांची में कावेरी रेस्त्रां की चेन है। वहीं रांची में ही कई होटलों का संचालन भी यह परिवार करता है। 17 साल पहले कुख्यात किडनैपिंग गिरोह चंदन सोनार के जरिये लव भाटिया का अपहरण कर लिया गया था। उस दौरान रांची पुलिस ने एनकाउंटर में कई अपराधियों को मार गिराया था और लव भाटिया को सुरक्षित अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त करवाया था।



## 100 साल पुरानी अष्टधातु मूर्ति के साथ युवक गिरफ्तार

**चतरा।** मूर्ति तस्करी मामले में चतरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इटखोरी थाना पुलिस ने करीब 100 वर्ष पुरानी अष्टधातु की एक बेशकीमती मूर्ति के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। बरामद मूर्ति की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देश पर इटखोरी थाना कांड संख्या 65/2026 के तहत कार्रवाई की गई है। एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक प्राचीन धार्मिक मूर्ति की खरीद-बिक्री की तैयारी चल रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान संदीप सिंह के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक प्राचीन अष्टधातु मूर्ति बरामद की गई। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपित नशे का आदी था और मूर्ति को चोरी कर दिल्ली के करोलबाग दिल्ली में अच्छे दाम पर बेचने की योजना बना रहा था। बरामद मूर्ति काफी प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व की प्रतीत हो रही है। मामले में आरोपित से पूछताछ की जा रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।



**झारखंड में 20 जून से शुरू होगी एसआईआर प्रक्रिया, घर-घर जाकर होगा सत्यापन**

# सात अक्तूबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया 20 जून से शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। प्रत्येक घर तक संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ पहुंचकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में 20 जून से 29 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं आवश्यक मुद्रण कार्य किए जाएंगे। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और सत्यापन करेंगे। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 5 अगस्त को होगा। फिर 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। नोटिस पीरियड तथा दावों और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 3 अक्टूबर तक चलेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 अक्टूबर को किया जाएगा। इस विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए अर्हता तिथि एक अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है।




### विशेष कैंप का होगा आयोजन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में नए मतदाताओं के आवेदन, दावा एवं आपत्तियां दर्ज करने के क्रम में बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) द्वारा घर-घर जाकर संकलित किए जाएंगे। जिन मतदाताओं से बीएलओ का संपर्क नहीं हो पाएगा, उनके लिए विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के सूची से नहीं हटाया जाएगा और उन्होंने लोगों को भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार उपस्थित रहे।



# मंत्र और हवन से वातावरण का होता है शुद्धिकरण : वरुण

## रामचरितमानस के नवाह्न पारायण महायज्ञ के 13वें अधिवेशन का शुभारंभ

बंशीधर न्यूज

**नीलांबर पितांबरपुर :** प्रखंड मुख्यालय के निकट पथराही में रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ के 13 वें अधिवेशन का शुभारंभ गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। भाजपा नेता वरुण तिवारी, अमित तिवारी, गौतम सिंह उर्फ डब्लू सिंह और युवा नेता नवल किशोर राय ने कलश देकर कलश यात्रियों को रवाना किया। उस मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि मंत्रोच्चार में बहुत शक्ति होती है। जिस क्षेत्र में मंत्र और हवन होता है वहां का वातावरण शुद्ध हो जाता है। गांव समेत आसपास के माहौल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, लोगों में सद्बुद्धि होती है। इसलिये यज्ञ के 13 वें अधिवेशन का प्रारंभ होना और इसे आयोजित करने के लिये उन्होंने यज्ञ समिति को साधुवाद दिया। इसके पूर्व यज्ञ समिति की ओर से सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष ध्रुव दुबे ने बताया कि गुरुवार से लेकर 29 मई तक राम कथा का रसपान होगा। संध्या 5 से 7 बजे भजन कीर्तन, 9 बजे से प्रवचन का कार्यक्रम है। 30 मई को सनातन धर्म सभा की ओर से भक्ति जागरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। उस मौके पर पंडित प्रवीन मिश्रा, मणिकांत सिंह, राकेश सिंह, अंजनीकांत दुबे, उप सचिव श्याम किशोर दुबे, कोषाध्यक्ष रामनारायण दुबे, नवनीत दुबे, महाप्रबंधक ज्ञानचंद दुबे, मंच संचालक रामकृष्ण दुबे आदि उपस्थित थे।

**न्यूज अपडेट्स**

### बढ़ती गर्मी में घर से बाहर निकलने पर बरतें सावधानी : इरफान अंसारी

**रांची।** आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राज्यवासियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने गुरूवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सुबह 11 बजे से लेकर शाम 04 बजे तक अधिक जरूरी रहने पर ही घर से बाहर निकलें, क्योंकि इस दौरान लू और हीट स्ट्रोक का खतरा अधिक रहता है। इस समय घर से निकलने में विशेष सर्तकता बरतें। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। साथ ही प्रशासन को पेयजल, बिजली आपूर्ति और राहत केंद्रों की व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। इरफान अंसारी ने लोगों से अधिक मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी, छाछ और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि धूप में निकलते समय सिर को गमछा, टोपी या छाते से ढंककर रखें। खाली पेट घर से बाहर न जाएं, कम से कम भरपेट पानी पीकर ही निकलें। बीच बीच में पानी की मात्रा लेने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि राज्य में भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों, सदर अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को हाई अलर्ट पर रखा है। हीट स्ट्रोक, डिहाईड्रेशन, सन बर्न और अन्य गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए ओआरएस, दवाइयों, आईवी फ्लूडर्स, आपातकालीन बेड और चिकित्सकीय टीमों की विशेष व्यवस्था की गई है।

**शिक्षा**

### रेहला जेबी प्लस टू हाईस्कूल में समर कैम्प का समापन

# मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

बंशीधर न्यूज




**रेहला :** शहर के जेबी प्लस टू हाईस्कूल में आयोजित तीन दिवसीय समर कैम्प का समापन प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर 10 वीं एवं 12 वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ डीपी शुक्ला, बीपीओ मणि कुमार पांडेय तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुये विभागीय निदेर्शानुसार तीन दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि दिनेश सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये दृढ़ संकल्प, जिज्ञासा एवं कठिन परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के मेरुदंड होते हैं और उनके अनुभव व प्रयास से ही बच्चों का समग्र विकास संभव हो पाता है। उन्होंने सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुये कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ये छात्र घर, समाज और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि आर्थिक अभाव किसी गरीब छात्र की शिक्षा में बाधा नहीं बनने दिया जायेगा तथा विश्वविद्यालय स्तर पर हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। डॉ डीपी शुक्ला एवं बीपीओ मणि कुमार पांडेय ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुये शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुशील कुमार पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार ने किया। उस मौके पर वार्ड पार्षद राजू कुमार समेत शिक्षक मो नैयर इकबाल, अमित कुमार मेहता, आकाश कुमार दास, दीपक कुमार रवि, लालबहादुर, अफरीम सबा, मंजू कुमारी, प्रियंका कुमारी, एस नवाज, कमलाकांत सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## 150 से अधिक छात्र-छात्राओं का हुआ उपचार

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के वनांचल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से विद्यालय परिसर में निःशुल्क मेडिकल एवं डेंटल कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में 150 से अधिक छात्र-छात्राओं के दांत एवं अन्य बीमारियों की जांच कर सफल उपचार किया गया तथा मुफ्त दवाईयां वितरित की गईं। मेडिकल कैम्प में हॉस्पिटल सुपरिटेंडेंट एके सिन्हा, डॉ अविनाश कुमार, प्रिंसिपल विकास ठाकुर सहित मेडिकल कॉलेज के दर्जनों चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद थे।

## तरणताल में शिशु वाटिका के भैया-बहनों ने की जमकर मस्ती



**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में शिशु वाटिका के भैया-बहनों ने प्रथम कालांश में सुसज्जित तरणताल में पानी के फव्वारे के बीच उछल-कूद करते हुये खूब मस्ती की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि शिशु वाटिका शैक्षिक व्यवस्था के 12 आयामों में तरणताल एक प्रमुख आयाम है। पानी में खेलने से छोटे भैया-बहनों का खेलकूद, संगीत व नृत्य के प्रति रुचि बढ़ती है। दीदी जी के मार्गदर्शन में भैया-बहन पानी के छींटें फेंककर, कभी दौड़कर तो कभी गीत गुनगुनाकर आनन्दित हो रहे थे। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये हमारा विद्यालय हमेशा प्रतिबद्ध रहा है और यहां शिशु वाटिका में पूर्णतः गतिविधि के माध्यम से बच्चे स्वयं करके सीखते हैं। वहीं वाटिका प्रमुख आचार्या नीति कुमारी ने कहा कि शिशु वाटिका के सभी आयामों की यहां विधिवत व्यवस्था है। पूर्व सूचना अनुसार तरणताल गतिविधि के लिये भैया-बहन घर के वेश में आये थे एवं भैया-बहनों में एक अलग उत्साह था। अपने विद्यालय में छोटे भैया-बहनों के लिये चित्र पुस्तकालय, कला शाला, क्रीड़ांगन, विज्ञान प्रयोगशाला, रंगमंच, वस्तु संग्रहालय तथा उद्यान आदि हैं। इन व्यवस्थाओं से बच्चे खेलों के माध्यम से सीखते हैं। इस तरणताल गतिविधि को सफल बनाने में आचार्या आरती श्रीवास्तव, सुप्रिया कुमारी, खुशबू सिंघल, रेणु पाठक, पूर्णिमा कुमारी, सलोनी कुमारी, तन्वी जोशी, अनामिका कुमारी, अदिति कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिक्षा समाज की चेतना और राष्ट्र की प्रगति का आधार है : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की चेतना एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है। विश्वविद्यालय विचार, ज्ञान, अनुशासन, शोध और चरित्र निर्माण के केंद्र होते हैं। किसी भी राज्य का भविष्य उसके शिक्षण संस्थानों में ही आकार लेता है। राज्यपाल गुरुवार को रांची के चाणक्य बीएनआर होटल में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि यह सम्मेलन झारखण्ड की उच्च शिक्षा को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रदेश में स्कूली शिक्षा की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभी व्यापक सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य का सकल नामांकन अनुपात राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है तथा उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट की समस्या भी गंभीर है। गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण, समयबद्ध परीक्षाओं एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा के अभाव में बड़ी संख्या में विद्यार्थी राज्य से बाहर जाने को विवश होते हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति हम सभी के लिए आत्ममंथन का विषय है। राज्यपाल ने कहा कि अब समय केवल समस्याओं की चर्चा करने का नहीं, बल्कि समाधान और परिणाम के साथ आगे बढ़ने का है। विश्वविद्यालयों की पहचान केवल भवनों एवं परिसरों से नहीं, बल्कि उनके शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन, शोध, नवाचार एवं उपलब्धियों से होती है। उन्होंने कहा कि जिस दिन झारखण्ड के विद्यार्थी यह महसूस करेंगे कि उसे बेहतर शिक्षा के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है, उस दिन हम कह सकेंगे कि हमारा प्रयास वास्तव में सफल हुआ है। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सर्च कमिटी के माध्यम से की गई है और उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति केवल प्रशासक नहीं, बल्कि अकेडमिक लीडर के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा को नई गति एवं दिशा देने के उद्देश्य से ह्यझारखण्ड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026ह्ण लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य संस्थानों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी कुलपतियों एवं विश्वविद्यालय पदाधिकारियों से नए अधिनियम का गंभीरता से अध्ययन करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में अकेडमिक कैलेंडर का दृढ़ता से पालन सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि नियमित कक्षाएं संचालित हों, पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण हो तथा परीक्षाएं एवं परिणाम निर्धारित समय-सीमा में प्रकाशित किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य किसी भी प्रकार की प्रशासनिक शिथिलता का शिकार नहीं होना चाहिए। उन्होंने शोध, नवाचार, कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने के केंद्र न बनें, बल्कि नवाचार एवं कौशल विकास के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित हों।

### मेराल में आधुनिक डिजिटल सुविधा युक्त एकलव्य एकेडमी का हुआ शुभारंभ

# संस्थान मिल का पत्थर साबित होगा : प्रमुख

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** प्रखंड मुख्यालय के डंडई रोड में गुरुवार को एकलव्य एकेडमी का शुभारंभ किया गया। उदघाटन प्रमुख दीपमाला कुमारी, सीओ सह बीडीओ यशवंत नायक, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, मुखिया रामसागर महतो, पुलिस पदाधिकारी प्रेमप्रकाश पांडेय एवं एसआई अखिलेश्वर तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उस मौके पर संस्था के निर्देशक प्रशांत चौबे ने बताया की संस्थान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को सभी विषयों की पढ़ाई अत्यधिक डिजिटल सुविधा के साथ प्रदान करेगा। प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में आधुनिक डिजिटल सुविधा युक्त शिक्षण संस्थान खुलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को ट्यूशन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। डॉ अनिल साह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये यह संस्थान सुनहरे भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक एवं भौगोलिक कारणों से बाहर जाकर पढ़ाई नहीं कर पाने वाले छात्रों के लिए एकलव्य एकेडमी बेहतर अवसर प्रदान करेगी। मौके पर संस्था के प्रो रामाशंकर चौबे ने बताया कि विद्यार्थियों के लिये अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। यहां इंग्लिश स्पोकन के साथ रेलवे, एसएससी, जीडी, जेएसएससी, आर्मी, एयरफोर्स, नेवी, पॉलिटेक्निक तथा नवोदय विद्यालय जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जायेगी। उनका उद्देश्य मेराल क्षेत्र के विद्यार्थियों को कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में मुखिया पति मुन्ना राम, सुरेंद्र गोस्वामी, हरेंद्र चौधरी, महेंद्र प्रसाद, विनोद प्रसाद, नवीन प्रसाद, धर्मेंद्र देव, मदन यादव, लक्ष्मण बैठा, छोटे लाल कुशवाहा, पप्पू यादव, अमरेंद्र मिश्रा, बंशीधर मिश्रा, आनंद पाठक, शहादत अंसारी, अजय तिवारी, ज्ञानरंजन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# श्री बंशीधर नगर की बहू अनिता ने किया डॉक्टरेट साईकोलॉजी में पीएचडी कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर के प्रतिष्ठित परिवार की बहू अनिता देवी ने साईकोलॉजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। बभनी गांव निवासी रवींद्र प्रताप देव के पुत्र अनूप देव उर्फ विक्की देव की पत्नी अनिता अब डॉ अनिता कुमारी के नाम से जानी जाएंगी। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार डॉ अनिता कुमारी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गया जिला में हुई। इसके बाद उन्होंने मगध यूनिवर्सिटी से स्नातक तथा नीपी यूनिवर्सिटी से साईकोलॉजी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। शिक्षा के प्रति निरंतर समर्पण और मेहनत के बल पर उन्होंने रामचंद्र चंद्रवंशी यूनिवर्सिटी से मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल की।

डॉ अनिता कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति अनूप देव उर्फ विक्की देव तथा ससुर रवींद्र प्रताप देव को देते हुये कहा कि परिवार के सहयोग, विश्वास और प्रोत्साहन ने उन्हें हर कदम पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, धैर्य और परिवार का साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे बड़ी ताकत होती है। डॉ अनिता की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षाविदों, सामाजिक लोगों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों और महिलाओं के लिये भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।

## न्यूज अपडेट्स

### अंचल कार्यालयों पर नहीं लगा अंकुश तो बढ़ेंगी आपराधिक घटनाएं : ओंकार

**मेदिनीनगर :** जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव ओंकार नाथ जायसवाल ने पलामू जिले के अंचल कार्यालयों में व्याप्त कथित अनियमितताओं और भू-माफियाओं के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पलामू में सबसे बड़े भू-माफिया अंचल कार्यालयों से जुड़े लोग ही हैं। यदि इन कार्यालयों पर तत्काल अंकुश नहीं लगाया गया तो जिले में आपराधिक घटनाएं और भी बढ़ेंगी। उन्होंने डीसी से सभी अंचल कार्यालयों की व्यापक समीक्षा करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि अंचल कार्यालयों में दोहरी जमाबंदी, अनाप-शनाप आदेश पारित करने, गैर-कानूनी कार्यों को बढ़ावा देने तथा कमजोर और गरीब लोगों की जमीन से संबंधित फर्जी कागजात तैयार करने जैसी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। जेएलकेएम नेता ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि समय रहते जिला प्रशासन ने इस गंभीर मुद्दे पर ठोस कदम नहीं उठाए तो आने वाले दिनों में हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

### बाल मजदूर की मौत मामले में कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोश

**मेदिनीनगर :** झारखंड क्रांति मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने 11 वर्षीय बाल मजदूर श्री भुईयां की मौत मामले में प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने पर गहरा आक्रोश जताया है। प्रेस बयान जारी कर उन्होंने कहा कि राजहारा निवासी श्री भुईयां की 26 मार्च को बाना स्थित ईंट भट्ठा में ट्रैक्टर से ईंट अनलोड करने के दौरान दुर्घटना में मौत हो गई थी। नाबालिग बच्चे से जबरन मजदूरी कराई जा रही थी, बावजूद इसके अब तक भट्ठा मालिक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने सीडब्ल्यूसी, श्रमायुक्त एवं डीसी से मामले में शीघ्र संज्ञान लेकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।

## गढ़वा स्वास्थ्य एवं जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने का निर्देश

### 106 चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे ऑफर लेटर

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने जिला स्तर पर विभिन्न पदों के लिये चयनित 106 अभ्यर्थियों की नियुक्त की प्रक्रिया पुरी करते हुये सांकेतिक रूप से 15 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को सदर अस्पताल से ट्रेनिंग की प्रक्रिया पूरी करते हुये शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि उनकी नियुक्ति से जिला प्रशासन एवं जनसेवा तंत्र को मजबूती मिलेगी तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं जनहित की भावना के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इसके उपरांत आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के समग्र स्वास्थ्य परिदृश्य एवं विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला प्रोफाईल पर चर्चा करते हुये जिले की स्वास्थ्य संरचना, उपलब्ध संसाधनों एवं सेवाओं की स्थिति का आकलन किया गया। मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के क्रम में संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी सेवाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर जमीनी स्तर पर बेहतर समन्वय एवं सतत निगरानी के निर्देश दिये। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये जागरूकता बढ़ाने एवं लक्षित समूह तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं दृष्टिबाधित व्यक्तियों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली गई।बैठक में सिकल सेल स्क्रीनिंग की स्थिति, बीपीएचयू की प्रगति तथा जिले में उपलब्ध एम्बुलेंस सेवाओं की समीक्षा की गई। डीसी ने आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों की पहचान, उपचार एवं फॉलोअप की स्थिति की समीक्षा करते हुये उन्होंने लक्ष्य आधारित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। वहीं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं एवं मरीजों को मिल रही सेवाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में ब्लड बैंक की स्थिति, यूडीआईडी, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। लाभुकों को योजनाओं का समय पर लाभ उपलब्ध कराने तथा डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया।

इसके अतिरिक्त ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा, गैर-संचारी रोग कार्यक्रम, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, आसाध्य रोग योजना एवं राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन से संबंधित कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित मॉनिटरिंग एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार एवं सरकारी योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुये तय लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## झारखंड माटी कला बोर्ड कार्यालय में पनशाला का उद्घाटन



**मेदिनीनगर :** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुये झारखंड माटी कला बोर्ड कार्यालय परिसर में पनशाला का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य सह संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव एवं वीरेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वक्ताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं जरूरतमंद लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना एक पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा, सहयोग और मानवता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे सामाजिक कार्य लोगों को एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील बनने और जरूरतमंदों की सहायता करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आम लोगों से भीषण गर्मी में अधिक से अधिक स्थानों पर पनशाला चलाने की अपील की, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोविंद प्रसाद, सौरभ कुमार सिंह, मोहन कुमार, रविंद्र पाठक, वीके ठाकुर, वेद प्रकाश, ललन प्रजापति, शोभा प्रजापति, पंकज प्रजापति, संतोष प्रजापति एवं अच्छेलाल प्रजापति उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर लोगों को शीतल जल पिलाया और समाजसेवा का संदेश दिया।

### कांग्रेस नेताओं की तत्परता से बची सड़क दुर्घटना में घायल युवक की जान



**मेदिनीनगर :** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की जान कांग्रेस नेताओं की तत्परता और मानवीय पहल से बच गई। जानकारी के अनुसार घायल युवक की स्थिति अत्यंत गंभीर थी। उसका न तो ब्लड प्रेशर मिल रहा था और न ही पल्स, जिससे परिजन घबराये हुये थे। इसी दौरान पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव विनोद पाठक उर्फ सीटू पाठक तथा मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह मौके पर पहुंचे और तत्काल इलाज की व्यवस्था कराई। दोनों नेताओं ने घायल को तुरंत सीटी स्कैन सहित आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराईं तथा दवा से लेकर जांच तक का पूरा खर्च कांग्रेस पार्टी की ओर से वहन किया। इतना ही नहीं, आर्थिक सहयोग देकर पीड़ित परिवार का हौसला भी बढ़ाया। ग्रामीणों ने विनोद पाठक एवं अनिल सिंह की सराहना करते हुये कहा कि ऐसे जनसेवी नेता समाज के लिये प्रेरणा हैं, जो हर जरूरतमंद की मदद के लिए हमेशा आगे रहते हैं। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### अनाथ बेटी का हाथ थाम डॉ कौशल दंपती ने पेश की मानवता की मिसाल



**मेदिनीनगर :** सुदूरवर्ती पाटादोहर गांव में बुधवार की रात मानवता, सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल देखने को मिली। वन राखी आंदोलन के प्रणेता एवं ट्री मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ कौशल किशोर जायसवाल तथा उनकी धर्मपत्नी सह डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने अनाथ युवती बरती कुमारी का विवाह पूरे रीति-रिवाज और सम्मान के साथ संपन्न कराकर कन्यादान किया। बरती कुमारी, स्वर्गीय सुकुल सिंह की पुत्री हैं, जिनका विवाह अर्जुन सिंह के साथ कराया गया। विवाह समारोह में नवदंपती को बर्तन, वस्त्र एवं आशीर्वाद स्वरूप अमरूद और कपूर के पौधे भेंट किये गये। साथ ही बारातियों के बीच भी पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जानकारी के अनुसार डॉ कौशल किशोर जायसवाल एवं मुखिया पूनम जायसवाल अब तक 22 अनाथ एवं गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग कर कन्यादान करा चुके हैं। डॉ कौशल ने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति है। वहीं मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि अनाथ कन्या का विवाह कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। विवाह समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने एक दर्जन होटल-रेस्टोरेंट का किया औचक निरीक्षण

# घरेलू गैस सिलेंडर प्रयोग करने वाले प्रतिष्ठानों को नोटिस

### पर्याप्त मात्रा में कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध हैं, रेस्टोरेंट में घरेलू सिलेंडर का प्रयोग दंडनीय

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** सदर एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार को शहर के लगभग एक दर्जन होटल, रेस्टोरेंट आदि इकाईयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ पलामू क्षेत्र के इंडियन ऑयल के एरिया सेल्स मैनेजर जागेश्वर महतो भी मौजूद थे। जांच के क्रम में कई प्रतिष्ठानों में एलपीजी गैस सिलेंडरों के उपयोग एवं सुरक्षा मानकों की जांच की गई। इस दौरान केसरी रोल्स, कृष्ण हरि जैसी रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की पुष्टि हुई। वहीं विद्या स्वीट्स का कमर्शियल सिलेंडर अनाधिकृत तौर पर प्रयोग में लाया जा रहा था। संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देश दिया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में केवल कमर्शियल गैस सिलेंडरों का ही उपयोग करें तथा पर्याप्त मात्रा में कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध रखें। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग नियमों का उल्लंघन है तथा इससे घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में उत्पन्न होती है वहीं सुरक्षा संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो सकते हैं। एसडीएम संजय कुमार तथा इंडियन गैस के एरिया सेल्स मैनेजर जागेश्वर महतो ने संयुक्त रूप से बताया कि गढ़वा शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है, किसी भी प्रतिष्ठा को चाहे कितने भी संख्या में सिलेंडर चाहिये तुरंत उपलब्ध हो जाएंगे, इसके लिये उन्हें सिर्फ संबंधित गैस एजेंसी के पास जाकर आवेदन करना है। इसलिये होटल रेस्टोरेंट आदि कमर्शियल सिलेंडर का ही उपयोग करें इस प्रकार का नया कनेक्शन भी ऑन स्पॉट उपलब्ध है। एसडीएम ने बताया कि नागरिक सुरक्षा एवं नियमों के अनुपालन को लेकर आगे भी इस प्रकार का औचक निरीक्षण अभियान जारी रहेगा।

# अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के मिले व्यापक साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज से चिन्हित हुये बालू तस्कर



## एसडीएम ने कोयल नदी तटीय क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार की शाम कोयल नदी के तटीय क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नदी के पाट क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों में बड़े पैमाने पर अवैध बालू उत्खनन के साक्ष्य मिले। एसडीएम के पहुंचने की भनक लगते ही एक बालू ट्रैक्टर चालक नदी किनारे ही ट्रॉली छोड़कर सिर्फ ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। मेढ़ना लापो क्षेत्र में व्यापक स्तर पर हुये अवैध उत्खनन को देखते हुये साक्ष्य संकलन के उद्देश्य से टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में बालू लदे ट्रैक्टरों की पहचान की गई है। संबंधित सभी लोगों के विरुद्ध जुमार्ना एवं गिरफ्तारी की कार्रवाई की जायेगी।

**बालू ट्रैक्टर एक्सीडेंट में दो लोगों की मौत की भी जांच की :** निरीक्षण के दौरान 17 मई को टोल प्लाजा के समीप हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज भी निकलवाया गया। फुटेज में स्पष्ट रूप से नीले रंग के बालू लदे ट्रैक्टर की आमने-सामने की टक्कर से बाईक सवारों का दुर्घटना ग्रस्त होना दिख रहा है। एसडीएम ने कहा कि यह दुखद है कि बालू के ट्रैक्टरों से आये दिन बेगुनाह लोगों के मारे जाने की खबरें सुनने को मिल जा रही है। उन्होंने कहा कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद रात में अवैध रूप से आधा ढूंढ गति के ट्रैक्टरों से बालू ढोने के दुस्साहस करने वालों को दंडित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रात में ट्रैक्टर चलाने वालों में से लगभग सभी ड्राईवर नशे में रहते हैं। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार एवं यातायात नियमों की अनदेखी कर चल रहे ये वाहन आम लोगों की जान-माल के लिये गंभीर खतरा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन एवं परिवहन के इस पूरे मामले में संबंधित कुछ स्थानीय पदाधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है तदनुरूप उन्हें कारणपृच्छा की जायेगी।

## न्यूज अपडेट्स

### मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार



**केतार :** थाना क्षेत्र के बीजडीह गांव में मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीजडीह गांव निवासी गोलू कुमार चौधरी ने केतार थाना में लिखित आवेदन देकर मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदन के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। कांड के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में 19 वर्षीय रुपेश ठाकुर पिता पारस ठाकुर तथा 42 वर्षीय छोटन ठाकुर पिता रामबचन ठाकुर शामिल हैं। दोनों आरोपी बीजडीह गांव के ही निवासी बताये गये हैं। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 21 मई को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की आगे जांच जारी है और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस ने आम लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाये रखने की अपील की है।


**पत्राचार** पूर्व नपं अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने डीसी को लिखा पत्र

# बांकी नदी के संरक्षण का किया अनुरोध

### बांकी रिवर फ्रंट सुंदरीकरण व बस स्टैंड का निर्माण कराने का किया अनुरोध

**बंशीधर न्यूज**





**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने डीसी अनन्य मित्तल को पत्र लिखकर बांकी नदी का संरक्षण, बांकी रिवर फ्रंट सुंदरीकरण एवं प्रस्तावित बस स्टैंड का निर्माण कराने का अनुरोध किया है। डीसी को लिखे पत्र में पूर्व अध्यक्ष विजयालक्ष्मी ने कहा है कि प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र की जीवनदायिनी बांकी नदी का अस्तित्व आज गंभीर संकट में है। यह नदी क्षेत्र की लाईफलाईन है, जिससे आसपास के सभी घरों को पानी उपलब्ध होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नदी पर अतिक्रमण बढ़ रहा है, जिससे इसका प्राकृतिक स्वरूप नष्ट हो रहा है। साथ ही नदी में कूड़ा-करकट डालने से पानी विषैला होता जा रहा है। भविष्य को देखते हुये बांकी नदी का अस्तित्व बचाना अत्यंत आवश्यक है। पूर्व अध्यक्ष विजयालक्ष्मी ने डीसी से बांकी रिवर फ्रंट योजना के तहत सुंदरीकरण, सूर्य मंदिर, श्री बंशीधर नगर से लेकर पाल्हेकला स्थित आशुतोष मंदिर तक बांकी नदी का सुंदरीकरण एवं घाट निर्माण किया जाय।

छठ महापर्व के अवसर पर श्री बंशीधर नगर सूर्य मंदिर पर दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु आते हैं। जंगीपुर, अधौरा, पूरैनी, उसका कला, जतपुरा, पाल्हेकला सहित कई स्थानों पर छठ घाट सजते हैं। यदि रिवर फ्रंट बने तो धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर में प्रस्तावित बस स्टैंड का निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है। इससे शहर में प्रतिदिन भीषण जाम लगता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। बस स्टैंड का निर्माण शीघ्र प्रारंभ करवाया जाय। उन्होंने डीसी से दोनों महत्वपूर्ण जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव को भी प्रेषित की है।

## भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर दिख रही हैं : सांसद

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के मार्गदर्शन में गढ़वा जिला भाजपा प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चतरा सांसद कालीचरण सिंह एवं जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा ने संयुक्त रूप से भाजपा का झंडा फहराकर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं आज धरातल पर दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा, महिला सशक्तिकरण, किसानों और युवाओं के उत्थान के लिये भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है। दूसरे सत्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही ने देश के सामने मौजूद बाहरी और आंतरिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, फेक करेंसी और नशा तस्करी जैसी समस्याएं देश के लिये चुनौती है। जबकि सांस्कृतिक विरासत से छेड़छाड़ और जातिगत भ्रांतियां आंतरिक चुनौतियां हैं। तीसरे सत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास और विकास यात्रा पर चर्चा की। उन्होंने जनसंघ की स्थापना से लेकर भाजपा के गठन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार तक की जानकारी दी। वहीं चौथे सत्र में वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान एवं संगठनात्मक संरचना पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर जिला प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, वर्ग प्रभारी विजय आनंद पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष शारदा महेश प्रताप देव, रघुराज पांडेय, ओमप्रकाश केशरी, ठाकुर प्रसाद महतो समेत काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं मंडल प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चलंत ग्राम क्लीनिक द्वारा आदिम जनजातीय बहुल गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की पहल

# 35 आदिम जनजातीय मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज

**बंशीधर न्यूज**



**रंका :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका के चलंत ग्राम क्लीनिक द्वारा आदिम जनजातीय बहुल गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की पहल लगातार जारी है। इसी कड़ी में विश्रामपुर पंचायत के कुदरूम गांव में विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान कुल 35 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। यह पहल डॉ असजद अंसारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा संचालित की जा रही है। शिविर में डॉक्टर सुष्मिता सिंह और सहायक मेहदी हसन की टीम ने गांव पहुंचकर आदिम जनजातीय परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया। मौके पर डॉ सुष्मिता सिंह ने बताया कि दूर-दराज के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीणों के बीच संपर्क स्थापित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि चलंत ग्राम क्लीनिक के माध्यम से लोगों को गांव में ही इलाज उपलब्ध हो रहा है, जिससे उन्हें शहर के बड़े अस्पतालों का चक्कर लगाने और अतिरिक्त खर्च से राहत मिल रही है। वहीं मेहदी हसन ने बताया कि ग्राम स्तर पर सीएचओ सुचिता लकड़ा और एएनएम की टीम भी लगातार कार्य कर रही है। उनके द्वारा बच्चों का टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि चलंत ग्राम क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य साक्षरता बढ़ाना, आपातकालीन चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को गांव-गांव तक पहुंचाना है।

## राजीव गांधी के शहादत दिवस पर कांग्रेस ने मनाया सद्भावना दिवस




**मेदिनीनगर :** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शहादत दिवस पर गुरुवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष बिमला कुमारी के नेतृत्व में सद्भावना दिवस मनाया गया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाजसेवा का संदेश दिया गया। जिलाध्यक्ष बिमला कुमारी ने कहा कि आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने में राजीव गांधी की ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी भूमिका रही है। उन्होंने युवाओं को मतदान का अधिकार 18 वर्ष की आयु में देकर लोकतंत्र को मजबूत किया तथा पंचायतों को अधिकार देकर गांव-गांव तक लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाया। दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटरीकरण के क्षेत्र में उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। रक्तदान करने वाले कांग्रेस नेताओं में प्रदेश सचिव रामचंद्र दीक्षित, गोपाल त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी, रंजन दुबे, राजा पाठक, सुरेंद्र कुमार टिकैत, संजीव सिंह, अनुज कुमार तिवारी, अवधेश राम एवं सैफ अली शामिल रहे। मौके पर पूर्णिमा पांडेय, बिट्टू पाठक, मुकेश सिंह चंदेल, मिथलेश सिंह, संतोष चौबे, नसीम खान, रिजवान खान, धनंजय पाठक, विवेक त्रिपाठी, सुनीता श्रीवास्तव, मो. गुलाम नबी, रेखा सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिना वाजिब कारण जनता को दौड़ाना पड़ेगा महंगा : डीसी



**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को छत्तरपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बीडीओ सह सीओ कार्यालय में उपस्थित नहीं मिले। बताया गया कि वे मुनकेरी गांव में आंगनबाड़ी सेविका चयन कार्य में गए हुए हैं। उपायुक्त ने कार्यालय पहुंचते ही आमजनों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान लगभग 70 वर्षीय एक वृद्ध लाठी के सहारे कार्यालय पहुंचे। वृद्ध को असहज स्थिति में देख डीसी स्वयं आगे बढ़े और उन्हें सहारा देकर बैठाया। वृद्ध ने भूमि बंटवारे से जुड़ी समस्या रखी, जिस पर उन्होंने सीओ को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसी दौरान दिनदाग गांव से आये दिव्यांग उपेंद्र यादव ने ट्राई साइकिल की मांग रखी। डीसी ने तत्काल मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुये ऑन स्पॉट ट्राई साईकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अचानक मिली सहायता से दिव्यांग उपेंद्र यादव काफी खुश नजर आये। समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं में लापरवाही पाये जाने पर कई पंचायत सचिवों एवं मनरेगा बीपीओ से स्पष्टीकरण मांगा गया। डीसी ने स्पष्ट कहा कि बिना वाजिब कारण आमजनों को कार्यालयों का चक्कर लगवाना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## दिव्यांग आबिद को मिली ट्राईसाइकिल




**भवनाथपुर :** प्रखंड क्षेत्र के पंडरिया पंचायत अंतर्गत बेलपहाड़ी गांव निवासी दिव्यांग आबिद अंसारी को आखिरकार वह सहारा मिल गया, जिसका उन्हें लंबे समय से इंतजार था। शारीरिक विकलांगता के कारण उन्हें आने-जाने और दैनिक कार्यों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जानकारी के अनुसार आबिद अंसारी ने अपनी समस्या को लेकर भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ नंदजी राम से मुलाकात की। उन्होंने बीडीओ को अपनी कठिनाईयों से अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुये बीडीओ ने तत्काल संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश देते हुये दिव्यांग सहायता योजना के तहत ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कराई। बीडीओ के निर्देश के बाद प्रखंड कार्यालय की पर्यवेक्षिका रंजना यादव ने त्वरित कार्रवाई करते हुये आबिद अंसारी को ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराया। ट्राईसाइकिल मिलते ही आबिद अंसारी के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने भावुक होकर कहा कि अब उन्हें आने-जाने में काफी सुविधा होगी और वे अपने दैनिक कार्य पहले की अपेक्षा अधिक आसानी से कर सकेंगे। आबिद अंसारी ने बीडीओ नंदजी राम एवं प्रखंड प्रशासन के प्रति आभार जताते हुये कहा कि यह सहायता उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस संवेदनशील पहल की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि जरूरतमंदों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सकारात्मक कार्यशैली को दशार्ता है।



## कॉपी विवाद में फंसा 'कॉकटेल 2' का नया गाना

फिल्म का नया गाना 'माशूका' रिलीज होते ही विवादों में आ गया है। सोशल मीडिया यूजर्स गाने को साल 1993 के एक मशहूर इतालवी ट्रैक की कॉपी बता रहे हैं। कई लोगों ने दावा किया कि धुन और म्यूजिक पैटर्न काफी हद तक ओरिजिनल गाने से मिलता-जुलता है, जिसके बाद संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती एक बार फिर ट्रोलिंग का शिकार हो गए। लगातार उठ रहे आरोपों से नाराज प्रीतम ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रतिक्रिया दी। हालांकि उनका बयान भी विवाद कम करने के बजाय चर्चा का विषय बन गया। ट्रोलर्स पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि लोग अब उनके 'फ्री पीआर एजेंट' बन चुके हैं। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने प्रीतम पर निशाना साधते हुए लिखा कि बॉलीवुड में कॉपी-पेस्ट म्यूजिक का दौर खत्म नहीं हो रहा। कुछ यूजर्स ने यहां तक कह दिया कि हर बार एक जैसे विवाद सामने आना अब संयोग नहीं लगते। हालांकि 'माशूका' को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। अब देखना होगा कि यह विवाद फिल्म 'कॉकटेल 2' की लोकप्रियता बढ़ाता है या फिर मेकर्स के लिए नई मुश्किलें खड़ी करता है।

## अनुराग कश्यप की 'बंदर' का ट्रेलर रिलीज, बॉबी देओल के अंदाज ने जीता दिल



निर्देशक अनुराग कश्यप की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बंदर' का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। बॉबी देओल अभिनीत इस फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। ट्रेलर में डार्क ह्यूमर, रहस्य, दमदार संवाद और जबरदस्त अभिनय का मिश्रण देखने को मिलता है। फिल्म का निर्माण निमार्ता निखिल द्विवेदी की कंपनी 'सैफरन मैजिकवर्क्स' ने जी स्टूडियोज के सहयोग से किया है। ट्रेलर में बॉबी एक ऐसे मशहूर सितारे के किरदार में नजर आ रहे हैं, जिसकी चमक फीकी पड़ चुकी है और जो विवादों में घिर जाता है। फिल्म की कहानी रहस्य और अपराध के इर्द-गिर्द घूमती नजर आती है। ट्रेलर में बॉबी देओल का किरदार पहले बेहद आत्मविश्वासी और घमंडी दिखाई देता है, लेकिन अचानक घटनाक्रम बदलता है और वह सलाखों के पीछे पहुंच जाता है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा, राज बी शेट्टी, सपना पब्बी, सबा आजाद, ऋद्धि सेन, जितेंद्र जोशी और नागेश भोंसले जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ट्रेलर को देखकर साफ है कि फिल्म दर्शकों को अंत तक बांधे रखने वाली है। फिल्म की पटकथा सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने लिखी है, जिन्होंने इससे पहले 'पाताल लोक', 'कोहरा' और 'उड़ता पंजाब' जैसी चर्चित कहानियां दी हैं। 'बंदर' को एक सच्ची घटना से प्रेरित बताया जा रहा है, जिसमें सिस्टम और समाज की कड़वी सच्चाइयों को दिखाया जाएगा।

## नेपाल में एक ही दिन में 274 पर्वतारोहियों का माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड



# अंचल कार्यालय में म्यूटेशन के नाम पर रिश्वतखोरी, पैसे लौटाने का वीडियो वायरल

बंशीधर न्यूज

**रमना :** प्रखंड के अंचल कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार और जमीन संबंधी मामलों में दलालों की सक्रियता को लेकर नया मामला सामने आया है। म्यूटेशन कराने के लिये रिश्वत लेने और बाद में रकम लौटाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे इलाके में चर्चा तेज हो गई है। मामले में प्रमुख करुणा सोनी ने बताया कि कई ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि अंचल कर्मी/निरीक्षक दिवाकर सिंह ने केवाला म्यूटेशन के नाम पर करीब एक वर्ष पूर्व तीन लोगों से प्रति केवाला पांच-पांच हजार रुपये कुल 15 हजार रुपये रिश्वत ली थी। आरोप है कि राशि लेने के



बावजूद अब तक म्यूटेशन नहीं किया गया और आवेदकों को लगातार कार्यालय का चक्कर लगवाया जाता रहा। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रमुख करुणा सोनी ने संबंधित कर्मी को अपने कार्यालय बुलाकर जानकारी लेनी चाही, लेकिन उन्होंने आने से इनकार कर दिया। प्रमुख के अनुसार दिवाकर सिंह ने कहा कि वे अंचलाधिकारी के अधीन काम करते हैं और जवाब भी उन्हीं को देंगे। इसके बाद प्रमुख स्वयं अंचल कार्यालय पहुंचीं, जहां उनके साथ कथित रूप से बदसलूकी की गई। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अंचल कर्मी द्वारा रिश्वत की राशि वापस करते हुये म्यूटेशन नहीं हो पाने की बात कही जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद लोग अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। प्रमुख करुणा सोनी ने मामले की लिखित शिकायत डीसी से करते हुये कार्रवाई की मांग की है। साथ ही वीडियो में कथित दलाल दिलीप मेहता का भी जिक्र किया गया है। अब लोगों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

## भगवान विष्णु मंदिर का वार्षिकोत्सव 25 मई को

### 24 को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** प्रखंड के तोलरा गांव स्थित प्रसिद्ध भगवान विष्णु मंदिर का वार्षिकोत्सव 25 मई को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का वातावरण है। विष्णु मंदिर संचालन कमेटी के संरक्षक सह वरिष्ठ समाजसेवी बीरेंद्र तिवारी ने




बताया कि 24 मई की सुबह छह बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा के बाद मंदिर परिसर में कलश स्थापित कर विष्णु सहस्रनाम का जाप किया जायेगा। इसके अलावा महिला मंडली की ओर से भजन-कीर्तन तथा गढ़वा के कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। 25 को मंदिर परिसर में हवन-पूजन एवं सभी देवी-देवताओं का नवीन वस्त्रों से विशेष श्रृंगार किया जायेगा। शाम चार बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है। इसके बाद आयोजित सम्मान समारोह में अतिथियों को सम्मानित किया जायेगा। जबकि रात में गढ़वा की मानस मंडली की ओर से सुंदरकांड का पाठ आयोजन किया गया है। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग करने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## महुआ टोला में पेयजल संकट गहराया, जलमीनार का पाईप बंद करने का आरोप



**धुरकी :** प्रखंड क्षेत्र के कदवा गांव स्थित महुआ टोला में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में स्थापित जलमीनार का मुख्य पाईप एक व्यक्ति द्वारा बार-बार बंद कर दिया जाता है, जिससे लोगों को पानी के लिये भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार महुआ टोला में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत जलमीनार लगाया गया था, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। लेकिन आरोप है कि प्रमात्मा यादव द्वारा जलमीनार का मुख्य पाइप बंद कर दिये जाने के कारण नियमित जलापूर्ति बाधित हो रही है। इससे गांव के लोगों को भीषण गर्मी में पानी के लिये इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। उन्हें दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी व्यक्ति पर उचित कार्रवाई करने और जलापूर्ति को जल्द सुचारु रूप से बहाल कराने की मांग की है। इस संबंध में प्रखंड प्रशासन ने आवेदन मिलने की पुष्टि करते हुये मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आवेदन देने वालों में मुन्ना कुमार यादव, केशव राम, मनीष यादव, भोलाराम, प्रेमचंद यादव, पूनम कुंवर, फुलझरिया कुंवर, बिरिजा देवी, मुकेश बैठा, सुनील यादव समेत अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

## ग्रामीणों ने पकड़ी मवेशियों से भरी पिकअप, 17 मवेशी क्रूरता से मुक्त, उपचालक गिरफ्तार



**कांडी :** थाना क्षेत्र के मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य पथ स्थित जयनगरा गांव में गुरुवार को ग्रामीणों ने 17 मवेशियों से भरी एक पिकअप वाहन को पकड़ लिया। आरोप है कि मवेशियों को बेहद क्रूर तरीके से वाहन में ठूंसकर बिहार ले जाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन संख्या बीआर 01-जीके-8579 ने सड़क किनारे खड़ी जयनगरा निवासी शंकर प्रसाद मेहता की स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ग्रामीण मौके पर जुट गये और वाहन को घेर लिया। जांच के दौरान पाया गया कि पिकअप में 17 मवेशियों को मुंह, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों को बांधकर ठूंस-ठूंस कर लादा गया था। यह देख ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और वाहन के उपचालक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर थाना के एएसआई पिंटू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने सभी मवेशियों को वाहन से नीचे उतरवाया और उपचालक लाल मोहम्मद अंसारी को पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में उपचालक ने बताया कि मवेशियों को नगर क्षेत्र से लोड कर भवनाथपुर, हरिहरपुर और कांडी होते हुये बिहार के रोहतास जिले के बारुन ले जाया जा रहा था। उसने चालक का नाम सुरेंद्र सिंह बताया, जो दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। उपचालक ने यह भी दावा किया कि इस मार्ग से लगातार मवेशियों से लदे वाहन गुजरते हैं। इधर खरौंधा पंचायत के उप मुखिया रवि रंजन मेहता ने कहा कि मवेशियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया था। वहीं थाना प्रभारी मोहम्मद अशफाक आलम ने बताया कि पिकअप वाहन जब्त कर थाना कांड संख्या 49/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उपचालक को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

### कस्तूरबा विद्यालय में बाल विवाह निषेध पर प्रतियोगिता आयोजित

# उत्कृष्ट लेख लिखने वाली छात्राएं स्वतंत्रता दिवस को जिला स्तर पर होंगी सम्मानित

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निदेर्शानुसार गुरुवार को रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सीनियर वर्ग की छात्राओं के बीच बाल विवाह निषेध विषय पर लिखित प्रतियोगिता परीक्षा भी कराई गई। प्रतियोगिता परीक्षा में छात्राओं ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के लिये अपने विचार लिखित रूप में प्रस्तुत किये। मौके पर पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने छात्राओं को



संबोधित करते हुये कहा कि बेटियों को उचित अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल, द्रौपदी मुर्मू, सरोजिनी नायडू और रानी लक्ष्मीबाई जैसी महान हस्तियों की तरह देश का नाम रोशन कर सकती हैं। वहीं पीएलवी कैमुद्दीन अंसारी ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को पहचान देने से वे आने वाली पीढ़ियों के लिये प्रेरणा बनेंगी और समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर सकारात्मक सोच विकसित होगी। कार्यक्रम में बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव विद्यालय पहुंची थीं। उन्होंने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुये कहा था कि बाल विवाह विषय पर उत्कृष्ट लेख लिखने वाली छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। मौके पर पीएलवी अमरेंद्र कुमार, सुनील मिंज एवं महेंद्र ठाकुर, विद्यालय की वार्डन अनिमा बेक, शिक्षिका अंजना मिश्रा, शिक्षक मुकेश पाठक, ब्रजेश सिंह, विजय सिंह, सुनीता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)